आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 31.05.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– सरकार देश के धरोहर स्थलों के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।
- आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने लोगों से गर्मी के मौसम में सुरक्षित रहने का आग्रह किया।
- रुद्रप्रयाग जिले और केदारनाथ पैदल मार्ग पर मौसम साफ होते ही प्रशासन और पुलिस ने यात्रा पर लगी अस्थाई रोक को हटा दिया है।
- **और...** चमोली जिले की नीति घाटी में 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' का शुभारंभ हो गया है। आयोजन में देश के 28 राज्यों से आए 933 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। ।

-----------

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश की अमूल्य धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रयासरत है। आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि ज्ञान भारतम अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के मल्हार में छठी–सातवीं शताब्दी के पांडु वंश के महर्षि बलार्जुन से जुड़ी दुर्लभ तांबे की तीन पट्टिकांए भी मिली हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नीदरलैंड्स सरकार ने हाल ही में चोलकालीन ताम्र–पट्टिकाएं भारत को लौटाई हैं। जिससे दुनिया भर के तमिल समुदाय में विशेष उत्साह है। श्री मोदी ने कहा कि ये पट्टिकाएं चोल साम्राज्य की समुद्री ताक़त और दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों के साथ उनके संबंधों को दर्शाती हैं।

श्री मोदी ने देशवासियों से भीषण गर्मी के मौजूदा मौसम के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने और सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की है।

श्री मोदी ने कहा कि भारतीय आम ने वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाई है और आम हमारी कृषि अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

**कृषि मंत्री**

प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी कल कृषि विभाग द्वारा आयोजित ''खेत बचाओ अभियान'' कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। यह कार्यक्रम ढाकी, सहसपुर, देहरादून में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी किसानों, कृषि विशेषज्ञों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ संवाद कर कृषि भूमि संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन तथा कृषि क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा करेंगे।

कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों में जन–जागरण के लिए 1 जून से 30 जून तक 'खेत बचाओ अभियान' चलाया जाएगा। अभियान के दौरान केसीसी निर्माण, स्वाइल हेल्थ कार्ड वितरण, कृषि यंत्रीकरण एवं विभिन्न योजनाओं के लाभ भी किसानों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

**अल्मोड़ा**

अल्मोड़ा में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तराखंड के निर्देश पर विकासखंड लमगड़ा के राजकीय इंटर कॉलेज मेरगांव में बहुउद्देशीय एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उत्तराखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आलोक मेहरा ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, विधिक अधिकारों तथा कानूनों की जानकारी आमजन को प्रदान की गई। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी मौके पर ही पात्र लाभार्थियों को उपलब्ध कराया गया। शिविर के माध्यम से कुल 629 लोगों को विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित किया गया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति आलोक मेहरा ने कहा कि राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य केवल कानूनों की ही जानकारी देना नहीं है, बल्कि आम नागरिक और न्याय व्यवस्था के बीच की दूरी को कम करना भी है।

**रुद्रप्रयाग**

रुद्रप्रयाग जिले और केदारनाथ पैदल मार्ग पर मौसम साफ होते ही प्रशासन और पुलिस ने यात्रा पर लगी अस्थाई रोक को हटा दिया है। अब श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए आगे बढ़ सकते हैं। बता दें कि आज सुबह केदारनाथ घाटी और पैदल मार्ग पर तेज बारिश और खराब मौसम के कारण यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने यात्रा को अस्थाई रूप से रोक दिया था। जैसे ही बारिश थमी और मौसम खुला, प्रशासन व पुलिस ने तुरन्त मुस्तैदी दिखाते हुए सभी पड़ावों पर रोके गए यात्रियों का आवागमन दोबारा शुरू कराया। जिला प्रशासन की ओर से यात्रियों को मौसम देखकर ही यात्रा करने की सलाह दी गई है।

चमोली

चमोली जिले की नीति घाटी में 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' का शुभारंभ हो गया है। पर्यटन विभाग द्वारा भारतीय सेना एवं आईटीबीपी के सहयोग से आयोजित इस अनूठे आयोजन में देश के 28 राज्यों से आए 933 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। तीन दिवसीय इस आयोजन का उद्देश्य सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना, स्थानीय संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाना तथा युवाओं में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर काबीना मंत्री भरत सिंह चौधरी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'फिट इंडिया' मुहिम को सीमांत क्षेत्रों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम

बना है। जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़ ने बताया कि 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' का आयोजन 31 मई से 2 जून तक किया जाएगा।

**उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी में मौसम के लगातार बदलते मिजाज के बावजूद चारधाम यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था अटूट बनी हुई है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में देश–विदेश से पहुंचे श्रद्धालु मां गंगा और मां यमुना के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। अब तक दोनों धामों में 9 लाख 5 हजार 498 से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

इन दिनों ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम परिवर्तन के चलते बीच–बीच में बारिश हो रही है, लेकिन श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही। मौसम में बदलाव के कारण गंगोत्री धाम के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है, फिर भी प्रतिदिन 10 से 12 हजार श्रद्धालु मां गंगा के दर्शन कर रहे हैं। यात्रियों का कहना है व्यवस्थाएं अच्छी हैं।

गंगा सभा समिति के अध्यक्ष संजीव सेमवाल,,ने बताया कि बरसात के मौसम में भी आस्था के बीच कोई कमी नहीं आई, गंगा सभा समिति ने यात्रियों के लिए खाने पीने की संपूर्ण व्यवस्था की है।

**पौड़ी**

शिक्षा में डिजिटल परिवर्तन कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं उभरती प्रौद्योगिकियों विषय पर दो दिन तक पौड़ी मुख्यालय में चले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हो गया है। यह ऑनलाइन सम्मेलन इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर द्वारा आयोजित किया गया था। पौड़ी गढ़वाल के अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हेमंत काला ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य लोगों में एआई के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव के विषय में जागरूकता करना है। इसमें विश्वभर से 406 शोधार्थियों ने अपने अपने शोध भी भेजे और प्रस्तुत किए।

..............